Series &RQPS

SET-4

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **347**

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **19** हैं ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **24** प्रश्न हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

- Please check that this question paper contains **19** printed pages.
- Please check that this question paper contains **24** questions.
- Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- **Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

लागत लेखांकन
COST ACCOUNTING

निर्धारित समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 60*

Time allowed : 3 hours *Maximum Marks : 60*

सामान्य निर्देश :

(i) *कृपया निर्देशों को ध्यान से पढ़ें ।*

(ii) *इस प्रश्न-पत्र में* ***दो*** *खण्डों में* ***24*** *प्रश्न हैं :* ***खण्ड क*** *और* ***खण्ड ख*** *।*

(iii) ***खण्ड क*** *में वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न हैं, जबकि* ***खण्ड ख*** *में विषयपरक प्रकार के प्रश्न हैं ।*

(iv) *दिए गए (6 + 18) = 24 प्रश्नों में से, उम्मीदवार को 3 घंटे के आबंटित (अधिकतम) समय में (6 + 11) = 17 प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।*

(v) *किसी विशेष खण्ड के सभी प्रश्नों को सही क्रम में करने का प्रयास किया जाना चाहिए ।*

(vi) ***खण्ड क*** *: वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न (30 अंक) :*

(a) *इस खण्ड में* ***6*** *प्रश्न हैं ।*

(b) *कोई नकारात्मक अंकन नहीं है ।*

(c) *दिए गए निर्देशों के अनुसार कीजिए ।*

(d) *प्रत्येक प्रश्न/भाग के सामने आबंटित अंकों का उल्लेख किया गया है ।*

(vii) ***खण्ड ख*** *: विषयपरक प्रकार के प्रश्न (30 अंक) :*

(a) *इस खण्ड में* ***18*** *प्रश्न हैं ।*

(b) *उम्मीदवार को* ***11*** *प्रश्न करने हैं ।*

(c) *दिए गए निर्देशों के अनुसार कीजिए ।*

(d) *प्रत्येक प्रश्न/भाग के सामने आबंटित अंकों का उल्लेख किया गया है ।*

खण्ड क

(वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न) **(30 अंक)**

1. रोज़गार कौशल पर दिए गए ***6*** प्रश्नों में से किन्हीं ***4*** के उत्तर दीजिए । *4×1=4*

(i) ________ कौशल लागत लेखाकार को स्वयं को प्रभावपूर्ण तथा दक्षतापूर्ण रूप से अभिव्यक्त करने में सहायता करता है ।

(ii) सकारात्मक ________ एक कर्मचारी को प्रसन्न करता/करती है तथा संबंध बनाए रखने में सहायता करता/करती है ।

(A) रुचि (B) मनोवृत्ति

(C) गुण (D) स्वप्न

General Instructions :

(i) *Please read the instructions carefully.*

(ii) *This question paper consists of **24** questions in **two** Sections : **Section A** and **Section B**.*

(iii) ***Section A** has Objective type questions, whereas **Section B** contains Subjective type questions.*

(iv) *Out of the given (6 + 18) = 24 questions, a candidate has to answer (6 + 11) = 17 questions in the allotted (maximum) time of 3 hours.*

(v) *All questions of a particular section must be attempted in the correct order.*

(vi) ***Section A** : Objective Type Questions (30 marks) :*

- *(a)* *This section has **6** questions.*
- *(b)* *There is no negative marking.*
- *(c)* *Do as per the instructions given.*
- *(d)* *Marks allotted are mentioned against each question/part.*

(vii) ***Section B** : Subjective Type Questions (30 marks) :*

- *(a)* *This section has **18** questions.*
- *(b)* *A candidate has to do **11** questions.*
- *(c)* *Do as per the instructions given.*
- *(d)* *Marks allotted are mentioned against each question/part.*

SECTION A

(Objective Type Questions) **(30 Marks)**

1. Answer any ***4*** out of the given ***6*** questions on Employability Skills. *4×1=4*

(i) ___________ skill helps the cost accountant to express himself/herself effectively and efficiently.

(ii) Positive __________ makes an employee happier and helps in maintaining relationships.

(A) interest (B) attitude

(C) attribute (D) dreams

(iii) प्रबंध के समक्ष प्रस्तुतीकरण बनाने के लिए लागत लेखाकार द्वारा उपयोग किए जा सकने वाले सॉफ्टवेयर का नाम दीजिए ।

(iv) निम्नलिखित में से कौन-सा तनाव प्रबंधन का सही तरीका ***नहीं*** है ?

(A) योग

(B) दोस्तों से बात करना

(C) कार्य का बहुत ज़्यादा दबाव लेना

(D) ध्यान

(v) निम्नलिखित में से कौन-सा एक सफल उद्यमी का गुण ***नहीं*** है ?

(A) पहल

(B) जोखिम उठाने के लिए तैयार नहीं होना

(C) अभिप्रेरणा

(D) आत्म-विश्वास

(vi) एक उद्योग में एक ग्रीन कॉलर कामगार वह होता है जो अर्थव्यवस्था के ________ क्षेत्र में कार्यरत है ।

(A) पर्यावरणीय (B) परिवहन

(C) विनिर्माण (D) बीमा

2. दिए गए ***7*** प्रश्नों में से किन्हीं ***5*** के उत्तर दीजिए । *5×1=5*

(i) उत्पादन से संबंधित उस लागत का नाम दीजिए जो सभी प्रत्यक्ष लागतों का योग है ।

(ii) एकल लागत लेखांकन को ________ लागत लेखांकन भी कहा जाता है ।

(iii) स्क्रैप को परिभाषित कीजिए ।

(iv) कारखाना लागत का अन्य नाम है :

(A) औद्योगिक लागत (B) कार्य लागत

(C) प्रक्रिया लागत (D) बैच लागत

(iii) Name the software which can be used by the cost accountant for making a presentation in front of the management.

(iv) Which of the following is ***not*** the right way to manage stress ?

(A) Yoga

(B) Talk with friends

(C) Taking too much work pressure

(D) Meditation

(v) Which of the following is ***not*** a quality of a successful entrepreneur ?

(A) Initiative

(B) Unwillingness to take risk

(C) Motivation

(D) Self-confidence

(vi) A green collar worker in an industry is the one who is employed in the ________ sector of the economy.

(A) environmental (B) transport

(C) manufacturing (D) insurance

2. Answer any ***5*** out of the given ***7*** questions. *5×1=5*

(i) Name the cost that is the summation of all direct costs relating to production.

(ii) Single costing is also called ________ costing .

(iii) Define Scrap.

(iv) Another name for factory cost is :

(A) Industrial cost (B) Works cost

(C) Process cost (D) Batch cost

(v) मूल लागत तथा कारखाना उपरिव्ययों का योग है :

(A) कार्यालय लागत

(B) कारखाना लागत

(C) उत्पादन की लागत

(D) बेचे गए माल की लागत

(vi) निम्नलिखित में से कौन-सा परिचालन लागत का उदाहरण है ?

(A) मासिक वेतन

(B) ब्याज भुगतान

(C) पथ कर

(D) ईंधन प्रभार

(vii) ________ विवरण एक विशिष्ट अवधि के लिए एक लागत केंद्र से संबंधित कुल तथा प्रति इकाई उत्पादन लागत प्रस्तुत करने के लिए तैयार किया जाता है ।

(A) लागत

(B) लेखांकन

(C) मजदूरी

(D) परिवर्तनशील लागत

3. दिए गए ***7*** प्रश्नों में से किन्हीं ***6*** के उत्तर दीजिए । *6×1=6*

(i) उस प्रपत्र का नाम दीजिए जो प्रत्येक प्रचालन पर प्रत्येक जॉब की प्रगति के विषय में सूचना प्रदान करता है ।

(A) जॉब टिकट (B) पथ बिल

(C) लागत विवरण (D) जॉब आदेश

(ii) जॉब पूरा होने पर, जॉब ________ प्रतिवेदन लागत लेखांकन विभाग को उस कार्य से हुए लाभ को ज्ञात करने के लिए भेजा जाता है ।

(A) निष्पादन (B) समापन

(C) आदेश (D) टिकट

(v) Summation of Prime cost and Factory overheads is :

(A) Office cost

(B) Factory cost

(C) Cost of production

(D) Cost of goods solds

(vi) Which of the following is the example of operating (running) cost ?

(A) Monthly salary

(B) Interest paid

(C) Road tax

(D) Fuel charges

(vii) ________ sheet is prepared to present total and per unit cost of production with regard to any cost centre for a specific period of time.

(A) Cost

(B) Accounting

(C) Labour

(D) Variable cost

3. Answer any ***6*** out of the given ***7*** questions. *6×1=6*

(i) Name the document which provides information regarding the progress of each job at each operation.

(A) Job ticket (B) Way bill

(C) Cost sheet (D) Job order

(ii) After completion of job, job ____________ report is sent to the costing department for ascertaining profit earned on that job.

(A) performance (B) completion

(C) order (D) ticket

(iii) जॉब लागत लेखांकन का एक उद्देश्य लिखिए ।

(iv) प्रत्यक्ष सामग्री माँग का लेखा करने के लिए किस खाते के नाम पक्ष में खतौनी की जाएगी ?

(v) जॉब लागत लेखांकन जो टर्मिनल लागत लेखांकन के रूप में भी जाना जाता है, का विशिष्ट नाम दीजिए ।

(A) अनुबंध लागत लेखांकन

(B) प्रक्रिया लागत लेखांकन

(C) इकाई लागत लेखांकन

(D) मानक लागत लेखांकन

(vi) भेषज उद्योग के लिए किस प्रकार का लागत लेखांकन उपयुक्त है ?

(vii) अनुबंध लागत लेखांकन में, उपरिव्यय कुल अनुबंध लागत का मामूली भाग होता है, ऐसी लागत का प्रभाजन उपयुक्त आधार पर किया जा सकता है तथा इसकी खतौनी अनुबंध खाते के __________ पक्ष में की जा सकती है ।

4. दिए गए ***6*** प्रश्नों में से किन्हीं ***5*** के उत्तर दीजिए । *5×1=5*

(i) अनुबंध पर लाभ को __________ खाते में हस्तांतरित किया जाता है ।

(ii) ठेकेदाता द्वारा शेष अदत्त धनराशि __________ धनराशि कहलाती है ।

(iii) अनुबंध समापन के पश्चात्, अनुबंध मूल्य से किस खाते के नाम पक्ष में खतौनी की जाती है ?

(iv) कुल प्रक्रिया लागत को उस प्रक्रिया से उत्पादन की गई कुल इकाइयों से विभक्त करना __________ की गणना करने में सहायता देता है ।

(A) विक्रय की लागत

(B) परिवर्तनशील लागत

(C) प्रति इकाई लागत

(D) उत्पादन की लागत

(iii) Write an objective of job costing.

(iv) Which account would be debited to record material requisition for direct materials ?

(v) Name the special form of job costing also known as terminal costing.

(A) Contract costing

(B) Process costing

(C) Unit costing

(D) Standard costing

(vi) Which type of costing is suitable for Pharmaceutical industry ?

(vii) In contract costing, overheads constitute an insignificant part of total cost of contract, such cost may be apportioned on suitable basis and is ________ to contract account.

4. Answer any ***5*** out of the given ***6*** questions. *5×1=5*

(i) Profit on contract is transferred to ________ account.

(ii) The balance money unpaid by contractee is called ________ money.

(iii) After completion of contract, which account is debited with the contract price ?

(iv) Total process cost divided by number of units produced in that process helps to compute :

(A) Cost of sales

(B) Variable cost

(C) Cost per unit

(D) Cost of production

(v) जहाँ उत्पाद __________ होता है वहाँ प्रक्रिया लागत लेखांकन का प्रयोग किया जाता है ।

(A) मानक

(B) सजातीय

(C) विजातीय

(D) अमूर्त

(vi) अन्तिम प्रक्रिया का उत्पादन __________ माल कहलाता है ।

5. दिए गए ***6*** प्रश्नों में से किन्हीं ***5*** के उत्तर दीजिए । *5×1=5*

(i) प्रत्येक प्रक्रिया के लिए एक पृथक् प्रक्रिया खाता तैयार किया जाता है तथा इससे संबंधित __________ को इस प्रक्रिया खाते में प्रभारित किया जाता है ।

(A) आगम

(B) पूँजी

(C) स्क्रैप

(D) व्यय

(ii) क्या असामान्य हानि की खतौनी प्रक्रिया खाते में नाम पक्ष में की जाती है ? अपने उत्तर के समर्थन में कारण दीजिए ।

(iii) उस स्टॉक के लिए प्रयुक्त शब्द का नाम दीजिए जो न तो कच्चा माल है और न ही तैयार माल है ।

(iv) प्रचालन लागत लेखांकन का अन्य नाम दीजिए ।

(v) उस विवरण का नाम दीजिए जो लागत से संबंधित तथा चले गए प्रति किलोमीटर, पेट्रोल/डीज़ल उपयोग, यात्री/माल आदि के बारे में दैनिक आधार पर वाहन के चालक को सूचना तथा अन्य आँकड़े प्रदान करता है ।

(vi) "अस्पताल प्रचालन लागत लेखांकन का उपयोग करते हैं ।" क्या आप इस कथन से सहमत हैं ? कारण दीजिए ।

(v) Process costing is used where products are :

(A) Standard

(B) Homogeneous

(C) Heterogeneous

(D) Intangible

(vi) Output of the last process is called ________ goods.

5. Answer any ***5*** out of the given ***6*** questions. *5×1=5*

(i) For every process a separate process account is created and ________ pertaining to process is charged to that process account.

(A) revenue

(B) capital

(C) scrap

(D) expenses

(ii) Is abnormal loss recorded in debit side of process account ? Give reason in support of your answer.

(iii) Name the term used for the stock which is neither raw material nor finished goods yet.

(iv) Give the other name for operating costing.

(v) Name the sheet that provides information about cost and other data on daily basis regarding per km run, petrol/diesel usage, passengers/goods carried, etc. and it is provided to the driver of the vehicle.

(vi) "Hospitals use operating costing." Do you agree with the statement ? Give reason.

6. दिए गए ***6*** प्रश्नों में से किन्हीं ***5*** के उत्तर दीजिए । *5×1=5*

(i) दैनिक लॉग शीट ___________ के द्वारा भरी जाती है ।

(A) प्रमुख प्रबंधक

(B) व्यवसाय स्वामी

(C) चालक

(D) सरकारी विभाग प्रमुख

(ii) खातों में प्राप्त ब्याज का लेखांकन कैसे किया जाता है ?

(iii) "प्राप्त लाभांश वित्तीय लाभ बढ़ाता है ।" क्या आप सहमत हैं ? कारण दीजिए ।

(iv) लागत लेखों तथा वित्तीय लेखों द्वारा दर्शाए गए लाभ में अन्तर का समाधान करने हेतु बनाए जाने वाले विवरण का नाम दीजिए ।

(A) समाधान विवरण

(B) बैंक विवरण

(C) बैंक समाधान विवरण

(D) पास बुक

(v) 'काल्पनिक (अनुमानित) किराया' का लेखा ___________ में दर्ज किया जाता है ।

(A) वित्तीय लाभ-हानि खाते (नाम पक्ष)

(B) वित्तीय लाभ-हानि खाते (जमा पक्ष)

(C) लागत लेखांकन

(D) स्थिति विवरण (देयताओं)

(vi) ___________ की तुलना में लागत लेखांकन का अतिरिक्त उपरिव्यय, उपरिव्ययों का अधिक-अवशोषण कहलाता है ।

6. Answer any ***5*** out of the given ***6*** questions. *5×1=5*

(i) Daily log sheet is filled up by :

(a) Chief manager

(b) Business owner

(c) Driver

(d) Government department head

(ii) How is interest received treated in accounts ?

(iii) "Dividend received increases financial profit." Do you agree ? Give reason.

(iv) Name the statement prepared to find out causes of disagreement between profits shown by cost accounts and financial accounts.

(a) Reconciliation Statement

(b) Bank Statement

(c) Bank Reconciliation Statement

(d) Pass Book

(v) 'Notional rent' is recorded in :

(a) Financial Profit and Loss Account (Dr. side)

(b) Financial Profit and Loss Account (Cr. side)

(c) Cost Accounting

(d) Balance Sheet (Liabilities)

(vi) Excess of overheads in costing as compared to ________ is called over-absorption of overheads.

खण्ड ख

(विषयपरक प्रकार के प्रश्न) **(30 अंक)**

*रोज़गार कौशल पर दिए गए **5** प्रश्नों में से किन्हीं **3** के उत्तर दीजिए । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 20 – 30 शब्दों में दीजिए ।* *3×2=6*

7. कोई दो कारण दीजिए कि अच्छी संप्रेषण प्रणाली कर्मचारियों के साथ-साथ संगठन को भी कैसे मदद करती है ।

8. आत्म-अभिप्रेरित कर्मचारी एक उद्योग के लिए कैसे लाभदायक होते हैं ?

9. प्रस्तुतीकरण को परिभाषित कीजिए । लागत लिपिक को लागत प्रबंधक के समक्ष लेखों को कैसे प्रस्तुत करना चाहिए ?

10. सामग्री का पुनर्चक्रण पर्यावरण की कैसे सहायता करता है तथा आर्थिक विकास को कैसे बढ़ाता है ?

11. एक उद्यमी की दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

*दिए गए **5** प्रश्नों में से किन्हीं **3** के उत्तर 20 – 30 शब्दों (प्रत्येक) में दीजिए ।* *3×2=6*

12. निम्नलिखित सूचना से मूल लागत की गणना कीजिए :

	₹
प्रत्यक्ष सामग्री	4,00,000
प्रत्यक्ष मज़दूरी	3,00,000
प्रत्यक्ष व्यय	2,00,000
अप्रत्यक्ष व्यय	5,00,000

13. जॉब लागत लेखांकन के किन्हीं दो लाभों का उल्लेख कीजिए ।

14. 'प्रक्रिया लागत लेखांकन' पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए ।

15. लॉग शीट को परिभाषित कीजिए तथा इसके उपयोग का उल्लेख कीजिए ।

16. 'सामान्य हानि' पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए ।

SECTION B

(Subjective Type Questions) **(30 Marks)**

*Answer any **3** out of the given **5** questions on Employability Skills. Answer each question in 20 – 30 words.* *3×2=6*

7. Give any two reasons how good communication system helps the employees as well as the organization.

8. Why are self-motivated employees beneficial in an industry ?

9. Define presentation. How should a cost clerk present records in front of the cost manager ?

10. How does recycling of material help the environment and facilitate economic growth ?

11. State two characteristics of an entrepreneur.

*Answer any **3** out of the given **5** questions in 20 – 30 words each.* *3×2=6*

12. Compute Prime Cost from the following information :

	₹
Direct Material	4,00,000
Direct Wages	3,00,000
Direct Expenses	2,00,000
Indirect Expenses	5,00,000

13. State any two advantages of Job Costing.

14. Write a short note on 'Process Costing'.

15. Define log sheet and state its use.

16. Write a short note on 'Normal loss'.

*दिए गए **3** प्रश्नों में से किन्हीं **2** के उत्तर 30 – 50 शब्दों (प्रत्येक) में दीजिए ।* *2×3=6*

17. समाधान विवरण क्यों तैयार किया जाता है ? ऐसी कोई चार मद दीजिए जो शुद्ध रूप से वित्तीय प्रकृति की हैं ।

18. अनुबंध लागत लेखांकन की किन्हीं तीन विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

19. 'बैच लागत लेखांकन' को संक्षेप में समझाइए । यह किस प्रकार की मदों के लिए उपयुक्त है ?

*दिए गए **5** प्रश्नों में से किन्हीं **3** के उत्तर 50 – 80 शब्दों (प्रत्येक) में दीजिए ।* *3×4=12*

20. "विभिन्न अवस्थाओं पर लागत का प्रतिनिधित्व करने के लिए विभिन्न उप-घटक होते हैं ।" इनमें से किन्हीं चार के नाम दीजिए तथा किन्हीं दो को संक्षेप में समझाइए ।

21. निम्नलिखित लेनदेन 1 अप्रैल, 2022 से 31 मार्च, 2023 की अवधि के लिए एक विशिष्ट अनुबंध से संबंधित हैं :

सामग्री क्रय ₹ 10,000

स्टोर से सामग्री का निर्गमन ₹ 6,000

मजदूरी भुगतान ₹ 11,600

प्रत्यक्ष व्यय ₹ 2,800

कार्य लागत, प्रत्यक्ष मजदूरी का 25%

कार्यालय लागत, मूल लागत का 10%

अनुबंध मूल्य ₹ 24,000

वापस की गई सामग्री राशि ₹ 800

मूल लागत की गणना कीजिए ।

*Answer any **2** out of the given **3** questions in 30 – 50 words each.* 2×3=6

17. Why is reconciliation statement prepared ? Give any four items that are purely financial in nature.

18. State any three features of contract costing.

19. Explain 'Batch Costing' in brief. What kind of articles is it applicable for ?

*Answer any **3** out of the given **5** questions in 50 – 80 words each.* 3×4=12

20. "There are various sub-components representing cost at various stages." Name any four and explain any two in brief.

21. The following transactions are related to a special contract for the period from 1st April, 2022 to 31st March, 2023 :

Material purchased ₹ 10,000

Material issued from the store ₹ 6,000

Wages paid ₹ 11,600

Direct expenses ₹ 2,800

Works cost, 25% of direct wages

Office cost, 10% of prime cost

Contract price ₹ 24,000

Material returned amount ₹ 800

Compute Prime Cost.

22. सेवा को परिभाषित कीजिए । सेवा उद्योग से कौन-सी लागत लेखांकन संबंधित है तथा क्यों ? ऐसे किन्हीं दो सेवा संगठनों के नाम दीजिए जो इस प्रकार के लागत लेखांकन का उपयोग करते हैं ।

23. प्रक्रिया एक्स (X) में कच्चे माल की 20,000 इकाइयाँ लगाईं गईं । कच्चे माल का मूल्य ₹ 4 प्रति इकाई था । सामान्य अपशिष्ट दर 10% है तथा प्रत्येक अपशिष्ट इकाई से ₹ 1·50 प्राप्त हुए । वास्तविक उत्पादन 16,000 इकाई हुआ ।

निम्नलिखित व्यय हुए :

प्रत्यक्ष मजदूरी ₹ 52,000

अप्रत्यक्ष व्यय ₹ 15,000

प्रक्रिया एक्स (X) खाता तैयार कीजिए ।

24. निम्नलिखित सूचना से एक समाधान विवरण तैयार कीजिए :

विवरण	*लागत लेखा* (₹)	*वित्तीय लेखा* (₹)
लाभ	1,50,000	–
वितरण उपरिव्यय	6,000	7,000
कारखाना व्यय	8,500	7,000
संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान	–	4,000
आय कर	–	18,500
प्राप्त किराया	–	11,000
मूल्यह्रास	9,100	11,900
प्राप्त ब्याज	–	2,000
प्रबंधक पारिश्रमिक	–	8,000

22. Define Services. Which costing is concerned with service industries and why ? Name any two service organisations that use this kind of costing.

23. 20,000 units of raw material were introduced in Process X. The cost of raw material was @ ₹ 4 per unit. Rate of normal wastage is 10% and each unit of waste realised ₹ 1·50. The actual production was 16,000 units.

The following expenses were incurred :

Direct wages ₹ 52,000

Indirect expenses ₹ 15,000

Prepare Process X account.

24. Prepare a Reconciliation Statement from the following information :

Particulars	*Cost records* (₹)	*Financial records* (₹)
Profit	1,50,000	–
Distribution overheads	6,000	7,000
Factory expenses	8,500	7,000
Provision for doubtful debts	–	4,000
Income tax	–	18,500
Rent received	–	11,000
Depreciation	9,100	11,900
Interest received	–	2,000
Managers' remuneration	–	8,000